Regarding implementation of ?Rural Prosperity and Resilience Programme? in Maharajganj Parliamentary Constituency, Bihar- laid

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज) : मैं सरकार का ध्यान अविलम्बनीय लोक महत्व के एक मामले की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। यह मामला भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा संचालित किये जाने वाले "ग्रामीण समृद्धि और लचीलापन कार्यक्रम " को महराजगंज लोकसभा क्षेत्र, बिहार में जल्द से जल्द शुरू करने के संबंध में है । मेरा संसदीय क्षेत्र महराजगंज, बिहार एक ग्रामीण बाहुल्य एवं कृषि प्रधान क्षेत्र है । हमारे संसदीय क्षेत्र के युवा किसान, ग्रामीण महिलाये, सीमांत और छोटे किसान, ग्रामीण युवा तथा भूमिहीन परिवार के लिए नए रोजगार और व्यवसायों के सृजन में तेजी लाने की अति आवश्यकता है। यह आवयश्कता वित्त मंत्रालय के "ग्रामीण समृद्धि और लचीलापन कार्यक्रम "को लागू करके पूर्ण किया जा सकता है क्योंकि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ही ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक अवसर पैदा करते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करना है, जिससे कि ग्रामीण क्षेत्रों से शहर की ओर पलायन को रोका जा सके। अतः सरकार से मेरा अनुरोध है कि वह इस मामले पर तत्काल ध्यान देते हुए मेरे संसदीय क्षेत्र महराजगंज, बिहार में इसे लागू करने हेतु आवश्यक कारवाई करे।